e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, बुधवार, 17 जुलाई 2019, श्रावण मास कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-12, अंक-271, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

DNA डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट

शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

मोनेरेको एसोसिएशन के लखनऊ चैप्टर ने किया पौधरोपण

लखनऊ। मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान लखनऊ चैप्टर के अल्यूमनाइ के सहयोग से मां चंद्रिका देवी धाम परिसर में 50 से अधिक सदस्यगण व परिवार उपस्थित होकर पौधरोपड़ किया तथा मैंगो पार्टी मनाई। इस अवसर पर लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, कोषाध्यक्ष इं. वीसी राय तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. मनजीत सिंह अरोड़ा ने अपने विचार व्यक्त किए। मां चंन्द्रिका देवी धाम परिसर जहां पर नवरात्रि के मेले के समय लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्रित होती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों में चेतना जागृत करने और उन्हें अधिक से अधिक पृथ्वी को हरा-भरा रखने के लिए जागरुक कर संल्कल्प लिया। चन्द्रिका देवी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष व ग्राम प्रधान ने मोनरोको एसोसियेशन द्वारा दिए गए डोनेशन और उनके चन्द्रिका देवी धाम परिसर को हरा-भरा करने के इस प्रयास की भूरि-भूमि प्रशंसा की।